केंद्रीय स्कूलों की दाखिला नीति बदली

राकेश नाथ/एसएनबी

नई दिल्ली। देशभर के केंद्रीय विद्यालयों में सेशन 2013-14 से 11वीं कक्षा की दाखिला नीति में बड़ा बदलाव कर दिया गया है। केंद्रीय विद्यालय स्कूलों में अब 11वीं में दाखिले मेरिट के आधार पर होंगे। अभी तक यहां दाखिले 10वीं की परीक्षा में मिले निर्धारित ग्रेड प्वाइंट्स के आधार पर होते थे। आगामी सत्र के दाखिले में विद्यार्थियों को बोर्ड के आधार पर मिले ग्रेडों के आधार पर मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी। इसी आधार पर सर्वाधिक ग्रेड वालों को ही दाखिला दिया जाएगा। केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने सेशन 2013-14 के दाखिले की गाइडलाइंस जारी कर दी है। गाइडलाइंस के तहत केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 8 फरवरी से शुरू हो जाएगी। दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मार्च रखी गई है। आवेदन प्रक्रिया कक्षा एक से नौवीं तक के दाखिले के लिए होगी। 11वीं कक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शिक्षा बोर्ड के परिणाम घोषित होने के 20 दिन के भीतर शुरू होगी। दाखिला प्रक्रिया दो राउंड में चलेगी।

बता दें कि बीते सेशन 2012-13 में 11वीं कक्षा में साइंस स्ट्रीम के लिए 10वीं में न्यूनतम 7.6 सीजीपीए रखा गया है। इसके अलावा गणित व साइंस में न्यूनतम बी-1 ग्रेड अनिवार्य किया गया था। इसी प्रकार साइंस विदआउट मैथ्स के लिए साइंस विषय में बी-1 ग्रेड के अलावा न्यूनतम 7.6 सीजीपीए रखा गया था। इसी प्रकार कॉमर्स स्ट्रीम में दाखिले के लिए न्यूनतम 6.4 सीजीपीए रखा गया था। कॉमर्स में गणित विषय लेने के लिए न्यूनतम बी-1 ग्रेड गणित विषय में तय किया गया था। इसी प्रकार ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम के लिए 10वीं में पास होना तय किया गया था। इसके अलावा इस स्ट्रीम में गणित लेने के लिए 10वीं में गणित विषय में बी-1 ग्रेड व इकोनॉमिक्स लेने के लिए कम से कम 6.0 सीजीपीए निर्धारित किया गया था। मेरिट लिस्ट में यदि दो विद्यार्थियों के बराबर ग्रेड होंगे तो ऐसी स्थिति में गणित विषय में बड़े ग्रेड वाले को दाखिले में प्राथमिकता दी जाएगी।

▶ केंद्रीय विद्यालय संगठन ने जारी की सेशन 2013-14 की एडमिशन गाइडलाइंस

▶ 11वीं में अब मेरिट के आधार पर होंगे दाखिले

▶ केवी स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन 8 फरवरी से होगा शुरू

▶ पहली से 9वीं कक्षा में दाखिले के लिए आवेदन की लास्ट डेट 10 मार्च

इसी प्रकार यदि गणित विषय में भी बराबर ग्रेड हुए तो साइंस विषय को भी इसमें शामिल कर देखा जाएगा किसके दोनों ही विषय में ज्यादा ग्रेड हैं। यदि दोनों ही विषय में दो विद्यार्थियों के बराबर ग्रेड होंगे तो ऐसी स्थिति में अधिक आयु वाले विद्यार्थी को दाखिला मिलेगा। स्कूल के प्रधानाचार्य के पास 11वीं कक्षा में 40 विद्यार्थियों के दाखिले करने की अनुमति होगी। जिस विद्यार्थी को बीते साल दाखिला नहीं मिला था उसका फ्रेश एडमिशन लिया जाएगा। 11वीं में निर्धारित दाखिले के बाद नॉन केवी स्टूडेंट्स के दाखिले होंगे। केवीएस ने साइंस व कॉमर्स स्ट्रीम के लिए 10वीं में न्यूनतम 9.0 सीजीपीए व ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम के लिए 6.4 सीजीपीए रखा गया है।

दाखिले का शेड्यूल

- ▶ आवेदन फॉर्म जारी (11वीं कक्षा छोड़कर)-8 फरवरी
- ▶ आवेदन की अंतिम तिथि-10 मार्च
- ▶ दाखिला सूची जारी व पहली कक्षा में दाखिले-18 से 25 मार्च
- ▶ दूसरी व अन्य कक्षाओं की दाखिला सूची-16 अप्रैल
- ▶ 11वीं कक्षा में दाखिले के लिए आवेदन-बोर्ड रिजल्ट जारी होने के 20 दिन के भीतर
- ▶ 11वीं कक्षा की दाखिला सूची जारी-बोर्ड रिजल्ट घोषित होने के 30 दिन के अंदर
- ▶ दाखिला प्रक्रिया की अंतिम तिथि-31 जुलाई
- ▶ 30 सितम्बर से 30 नवम्बर तक ट्रांसफर केस में आयुक्त की स्वीकृति से दाखिले-30 नवम्बर तक
- ▶ दूसरे राउंड के दाखिला (सीटें खाली होने पर) पंजीकरण-25 से 30 जून
- ▶ दाखिला सूची जारी-7 जुलाई
- ▶ दाखिला-9 से 16 जुलाई